श्री पी.जे. थॉमस, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बोर्ड में निदेशक

पता : फ्लैट नं. बी 603, एन आर आर्किड गार्डेनिया, मान्यता टेक पार्क के पीछे,
मेस्ट्रिपाल्या, रचेनाहल्ली, बंगलुरू – 560077.

भारत सरकार द्वारा 28 सितम्बर, 2020 को श्री पी.जे. थॉमस को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बोर्ड में निदेशक के रूप में नामित किया गया था.

वे बी एस सी (ऑनर्स) सहित विज्ञान स्नातक हैं तथा बैंकिंग एवं वित्त में बिजनेस एडमिस्ट्रेशन में मास्टर हैं. वे भारतीय बैंकिंग संस्थान के सर्टिफाइड एसोशिएट भी हैं.

इन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के एक बैंक में बैंक अधिकारी के रूप में अपना कैरियर प्रारंभ किया था, तत्पश्चात वे भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) में एक अधिकारी बने और क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, बंगलुरू सहित विभिन्न पदों पर कार्य किया. भारतीय रिज़र्व बैंक में अपने 36 वर्षों से अधिक के कार्यकाल के दौरान उन्हें केन्द्रीय कार्यालय में बैंकिंग विनियमों का तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में बैंकिंग पर्यवेक्षणों का व्यापक अनुभव हैं.

इन्होंने कुआलालंपुर, मनीला, फ्रैंकफुर्ट एवं बासेल के अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं के अतिरिक्त न्यूयार्क एवं फ्लोरिडा के फेडरल रिज़र्व में विनियमन एवं पर्यवेक्षण पर समुद्रपारीय प्रशिक्षण में सहभागिता की है.

पूर्व में वे एक निजी क्षेत्र के बैंक तथा एक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के निदेशक मंडल में भी थे.